# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 10 मई, 2022

## प्रियंका मोहिते

पश्चिमी महाराष्ट्र की सतारा निवासी प्रियंका मोहिते 05 मई, 2022 को कंचनजंगा पर्वत की चढ़ाई के बाद 8,000 मीटर से अधिक ऊँची पाँच चोटियों को फतह करने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। प्रियंका ने 05 मई को शाम 4.52 बजे दुनिया की तीसरी सबसे ऊँची चोटी कंचनजंगा (8,586 मीटर) का अपना अभियान सफलतापूर्वक पूरा किया। प्रियंका मोहिते को वर्ष 2020 में तेनजिंग नार्गे एडवेंचर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने अप्रैल 2021 में माउंट अन्नपूर्णा चोटी को फतह किया था जो दुनिया की 10वीं सबसे ऊँची चोटी है। इसकी ऊँचाई 8,091 मीटर है। 30 साल की उम्र में ही प्रियंका मोहिते 8,485 मीटर की ऊँचाई वाले माउंट मकालू को भी फतह कर चुकी हैं। वह 5,895 मीटर ऊँचाई वाले माउंट किलिमिंजारो की भी चढ़ाई कर चुकी हैं।

## पुलित्ज़र पुरस्कार

दिवंगत फोटोग्राफर दानिश सिद्दिकी को वर्ष 2022 का पुलित्ज़र अवॉर्ड मिला है। पुरस्कार विजेताओं में भारतीय पत्रकार अदनान आबिदी, सना इरशाद मट्टू, अमित दवे का नाम शामिल है। फोटोग्राफर दानिश सिद्दिकी की तालिबान और अफगान सेना के संघर्ष के दौरान मौत हो गई थी। पुलित्ज़र पुरस्कार को पत्रकारिता के क्षेत्र में अमेरिका का सबसे प्रतिष्ठित सम्मान माना जाता है। इस पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 1917 में की गई थी, जिसे कोलंबिया विश्वविद्यालय और 'पुलित्ज़र पुरस्कार बोर्ड' द्वारा प्रशासित किया जाता है। 'पुलित्ज़र पुरस्कार बोर्ड' का गठन कोलंबिया विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त न्यायाधीशों द्वारा होता है। यह पुरस्कार प्रसिद्ध समाचार पत्र प्रकाशक जोसेफ पुलित्ज़र के सम्मान में दिया जाता है। जोसेफ पुलित्ज़र ने कोलंबिया विश्वविद्यालय में पत्रकारिता स्कूल को शुरू करने तथा पुरस्कार की शुरुआत करने के लिये अपनी वसीयत से धन दिया था।

## संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन

यूक्रेन युद्ध के बीच रूस संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन से हट गया है। संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन ने 27 अप्रैल, 2022 को यूक्रेन पर हमले को लेकर मास्को की सदस्यता को निलंबित करने के लिये वोटिंग से एक दिन पहले यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र का पर्यटन निकाय एक अंतर-सरकारी निकाय है जो पर्यटन को बढ़ावा देता है तथा राष्ट्रों के बीच अंतरराष्ट्रीय व्यापार की सुविधा प्रदान करता है। संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन मैड्रिड में स्थित है। इसकी स्थापना वर्ष 1975 में हुई थी। लगभग 150 लोगों को रोज़गार देने वाली इस एजेंसी ने चेतावनी दी है कि यूक्रेन में संघर्ष के कारण कोरोना महामारी के प्रभाव की तुलना में वैश्विक पर्यटन क्षेत्र के मुश्किल उभार में और अधिक देरी होगी। इसका प्रभाव द्वीप और तटीय स्थलों में सबसे अधिक महसूस होगा। वर्ष 2021 में तेलंगाना के पोचमपल्ली गाँव को संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO) द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गाँवों में से एक के रूप में चुना गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-10-may-2022